तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 22 जून 2024

10 विधायक ने अस्पताल का शुभारंभ किया


12 योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री श्याम बिहारी




## खबर संक्षेप

### वाहन की ठोकर से गंभीर रूप से घायल, मामला दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसायकल को पीछे से ठोकर मारने की शिकायत पुलिस से की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 13 जून 2024 को विजय कुमार साहू पिता छन्नुलाल साहू 27 साल हीरो एक्सट्रीम मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीएस 5773 से रायपुर गया था, और दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच वापस महासमुंद आते समय ग्राम खरोरा शहीद स्मारक के पास उसे पीछे से आ रही अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर फरार हो गया जिससे विजय साहू मोटर सायकल सहित रोड पर गिर गया और चोट आने से जिला अस्पताल महासमुंद से रेफर करने पर रायपुर ले जाया गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी चालक के विरुद्ध अपराध धारा 279, 337 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### पीएम आवास के नाम फिर चोरी जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कौंआझर में दो अज्ञात व्यक्तियों ने महिला के घर में पीएम आवास के लिए फोटोग्राफी का बहाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर सोना-चांदी के जेवर कीमत 80 हजार रुपए को चोरी कर ली।

प्रार्थी शकुन चंद्राकर पति देवलाल चंद्राकर पुलिस को बताया कि 20 जून 2024 दिन गुरूवार को करीब 9:30 से 10.00 बजे के बीच अज्ञात दो चोरों ने आवास का प्रलोभन देकर उन्हें फोटो खिंचाने को कहा एवं बात ही बात मे फोटो अच्छा नहीं आ रहा है करके मंगलसूत्र 1 तोला, टाप 3 ग्राम, को निकलवा दिया तथा फोटो घर में न खींच कर घर से थोड़ी दूर जाकर फोटो खींचने लगा। इतने में ही दूसरा आरोपी तुमगांव से आ रहा हूं बोलकर वापस घर अंदर से सारा सामान मंगलसूत्र 1 तोला सोना, टॉप 3 ग्राम, सोना टॉप 5 ग्राम, पायल 3 जोड़ी चांदी 45 तोला, पायल दो जोड़ी चांदी 10 तोला, सिक्का 3 नग चांदी 2.50 तोला, करधन 1 नग चांदी 40 तोला सभी सामान चोरी करके निकल गया मामले में पुलिस ने दो अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपराध धारा 454, 380 भादवि का घटना घटित होना पाए जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

### कबीर जयंती पर आज शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद**। राज्य शासन द्वारा शनिवार 22 जून 2024 को कबीर जयंती पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने 22 जून को कबीर जयंती के लिए घोषित शुष्क दिवस के दौरान जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल-3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट महासमुंद तथा देशी मदिरा भांडागार महासमुंद को बंद रखने के लिए आदेशित किया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद**। खल्लारी खार में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि घनश्याम सेन पिता गोकुल सेन (40 साल) निवासी किरवई राजिम जिला गरियाबंद ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली।

## कार्रवाई : तहसीलदार ने पहली बार की बड़ी कार्रवाई

# बगैर रायल्टी रेत का अवैध परिवहन, दस हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

बिना रायल्टी के रेत का अवैध परिवहन करते 10 हाईवा को तहसीलदार ने पकड़ा यह ब्लॉक में पहली बार बड़ी कार्रवाई की गई है। नवपदस्थ तहसीलदार सिमगा नीलमणि दुबे ने अपने राजस्व टीम एवं पुलिस विभाग के साथ अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने शुक्रवार की सुबह 6 बजे सिमगा से तिल्दा व बलौदाबाजार जाने वाले मार्ग के तिराहे पर स्थित जंक्शन ढ़ाबा के पास आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान 7 हाईवा रेत, 1 हाईवा गिट्टी एवं 2 ट्रक रेत बिना रायल्टी के परिवहन किया जा रहा था। पुछताछ करने पर किसी के भी पास रायल्टी पर्ची नहीं पाई गई। जिस पर उक्त सभी वाहनों को जब्त किया गया। इस बीच कुछ वाहन चालक वाहन छोड़ भाग खड़े हुए। उनके पास से भी रायल्टी पर्ची नहीं पायी गयी।

ऐसे में सड़क किनारे खड़े वाहनों को मेकेनिक के माध्यम से अनलाक कर सिमगा थाना लाया गया। तहसीलदार दुबे ने बताया कि 7 वाहन चालक गाड़ियों की चाबी जमा कर मौके से फरार हो गये। जब्त सभी 10 वाहनों हाईवा एवं ट्रक क्रमांक सीजी 09 जेसी 9985, सीजी 04 पीके 7539, सीजी 25 एन 2946, सीजी 09 जेए 8849, सीजी 09 जेजी 0198, सीजी 22 यू 9222, सीजी 22 जी 736, सीजी 09 जेई 1037, सीजी 25 एल 3126, सीजी 09 जेसी 3201 को सिमगा पुलिस के अभिरक्षा में सौंपा गया है। उक्त वाहनों पर गौण खनिज अधिनियम 2015 के उल्लंघन की कार्यवाही के लिए कलेक्टर बलौदाबाजार को प्रेषित किया गया है।

इस कार्रवाई में तहसीलदार नीलमणि दुबे के साथ पटवारी सिकेश ध्रुव, भेखराम साहू, कोटवार बलकरण मानिकपुरी, आरक्षक गिरीश चौबे एवं संजय ध्रुव शामिल थे। अवैध रेत परिवहन मामले में ये अब तक की बड़ी कार्रवाई है।



### रेत लेकर रोज सैकड़ों वाहन गुजर रहे

उल्लेखनीय हो कि आरंग, बलौदाबाजार, कसडोल, बेमेतरा से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बिना रायल्टी के रेत से भरे वाहन बेखौफ सिमगा से होकर गुजरते हैं। जिन पर कार्रवाई न होने से शासन को लाखों के राजस्व की हानि हो रही है। वाहनों में रेत ढंके नहीं होने के कारण सड़कों पर गिरने व उड़ने से राहगीरों को हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं सिमगा में ट्रैफिक पुलिस मात्र दिखावे के लिए खड़ी रहती है। ऐसे वाहनों पर उनके द्वारा कभी भी कार्रवाई नहीं की जाती। रेत गिरते रहने के कारण सड़क किनारे दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसल कर गिरते रहते हैं।

### पत्रकारों ने की थी ट्रैफिक प्रभारी से कार्रवाई की मांग

तीन दिन पूर्व ही ट्रैफिक थाना सिमगा के प्रभारी नरेश कुमार कांगे से सिमगा के पत्रकार रिंकू लाल, राकेश श्रीवास, योगेश ताम्रकार ने अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने की मांग की थी। जिस पर ट्रैफिक प्रभारी द्वारा गोलमोल जवाब देते हुए कहा गया कि अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग को एक्शन लेना चाहिए। यदि जिला प्रशासन से आदेश मिलता है तो वे कार्रवाई करेंगे। सोचनीय विषय है कि बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा जो प्रदेश के राजस्व मंत्री भी हैं उनके गृह जिले से अंधाधुंध खनिज पदार्थों का दोहन का होना व खुलेआम रेत का अवैध परिवहन होना यकीनन चिंतनीय विषय है।

# कलेक्टोरेट के ध्वजखंभ में सफेद ध्वजा लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित ध्वजखंभ में सफेद ध्वजा लगाने वाला आरोपी ग्राम कोरदा थाना लवन निवासी 21 वर्षीय डिगेश्वर बांधे को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही थी। आरोपी ने संयुक्त कार्यालय परिसर में लोगों को भड़काते एवं उकसाते हुए ध्वजखंभ पर चढ़कर सफेद ध्वजा लगा दिया था। वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर प्रकरण में शामिल आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी जारी है। अब तक तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले 138 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विदित हो कि पिछले दिनों जिला मुख्यालय में आयोजित धरना प्रदर्शन में ▶▶ शेष पेज 11 पर



### युवक ध्वजखंभ पर चढ़कर लोगों को भड़का रहा था

इसी क्रम में पुलिस ने धरना प्रदर्शन करने वाले और इस दौरान उद्दंड उपद्रव करने वाले लोगों को चिन्हांकित कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया है, जिसके तहत पुलिस की अलग-अलग टीम द्वारा आयोजकों के नाम, पता, फोटो आदि की पहचान कर उनके छिपने के हर संभावित ठिकाने पर लगातार दबिश दी जा रही थी। साथ ही मुखबिर के माध्यम से भी इन आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाया जा रही थी। इसी बीच 21 जून को संयुक्त कार्यालय मुख्य गेट के सामने स्थित ध्वजखंभ पर चढ़कर नारेबाजी एवं चल्लिाते हुए लोगों को भड़काकर सफेद ध्वजा लगाने वाले आरोपी डिगेश्वर बांधे को पकड़ा गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया जारी रही। प्रकरण में 21 जून तक की स्थिति में बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 138 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# पुलिस ने किया पत्नीहंता को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन

स्थानीय पुलिस ने पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। ग्राम तिल्दा (डोंगरा) में परिवारिक झगड़े में आरोपी द्वारा टंगिया से वार करते हुए पत्नी की हत्या कर दी गई थी। थाना लवन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल घटना स्थल पहुंच, आरोपी को किया गिरफ्तार किया।

21 जून को मोबाइल से सूचना मिली कि ग्राम तिल्दा (डोंगरा) में एक महिला की हत्या हो गई है। सूचना मिलने पर थाना लवन पुलिस बल तत्काल घटनास्थल ग्राम तिल्दा (डोंगरा) के लिए रवाना हुए। घटना स्थल पहुंचते ही मृतिका खिलेश्वरी पति खिलावन 36 साल सा. तिल्दा (डोंगरा) शव घटना स्थल पर पड़ा हुआ। आसपास मौजूद लोगों एवं ग्रामवासियों से पूछताछ पर पता चला कि परिवारिक झगड़ा विवाद पर 21 जून को सुबह करीबन 7 बजे आरोपी पति खिलावन उर्फ राजू द्वारा टंगिया से मारकर ▶▶ शेष पेज 11 पर



# 10 किलो गांजा जब्त, एक अपचारी बालक सहित 4 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

शहर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले एक अपचारी बालक सहित 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्कूटी में भाटापारा ओव्हर ब्रीज के उपर गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। पकड़े जाने पर लोगों को भयभीत करने एवं ऐसी स्थिति में किसी का सामना करने के लिए आरोपियों ने अपने साथ एक वाकीटाकी, धारदार चाकू और स्टील की राड रखे थे। आरोपियों से 80 हजार मूल्य का 10 किलो 280 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में इस्तेमाल स्कूटी, वॉकी टॉकी, चाकू एवं एक स्टील राड भी जब्त की है।



पकड़े गए आरोपियों में ओम उर्फ चीचा 19 साल निवासी कल्याण सागर वार्ड भाटापारा हाल निवासी बंजारी मंदिर के पास उरला मीनू पेट्रोल पंप के पास रायपुर, शुभम 19 साल निवासी कल्याण सागर वार्ड भाटापारा, राहुल 19 साल निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा हाल निवासी देवेंद्र नगर चौक ऑफीसर कॉलोनी के बाजू रायपुर और एक अपचारी बालक शामिल हैं।

### स्कूटी में गांजा बिक्री करने निकले थे सभी आरोपी, घेराबंदी कर पुलिस ने दबोचा

पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि, थाना भाटापारा शहर क्षेत्र अंतर्गत भाटापारा ओवर ब्रिज के ऊपर एक स्कूटी में 4 लोग अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे हुए हैं तथा उसे बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही यह भी पता चला कि पकड़े जाने पर लोगों को भयभीत करने के लिए आरोपी अपने साथ कुछ धारदार हथियार भी रखे हैं। सूचना पर थाना भाटापारा शहर से सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक दिलीप टोप्पो, भूखन वर्मा, आरक्षक महेंद्र साहू, लोरिक शांडिल्य एवं उमेश वर्मा की टीम तत्काल ओव्हर ब्रीज की ओर आरोपियों की पतासाजी के लिए रवाना हुई। ओवर ब्रिज के पास पहुंचते ही पुलिस ने तत्परतापूर्वक एवं सावधानी बरतते हुए चारों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। चारों आरोपी एक स्कूटी में बैठे हुए थे तथा अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे थे।

### आरोपियों के कब्जे से एक वाकीटाकी धारदार चाकू और स्टील की राड जब्त

सभी आरोपियों के साथ-साथ स्कूटी का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में आरोपियों से एक पान मसाला के थैले में अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्रवाई कराया गई, जिसमें कुल 10 किलो 280 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया, जिसे विधिवत जब्त किया गया। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 80 हजार रुपए आंका गया है। साथ ही गांजा परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी वाहन क्र. सीजी04 पीएम 6596 के साथ किसी भी प्रकार की स्थिति का सामना करने के लिए एवं पकड़े जाने पर लोगों को भयभीत करने के लिए आरोपी अपने साथ एक वॉकी टॉकी, चाकू एवं स्टील का राड रखे थे, जिसे मौके पर ही जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में 20B एनडीपीएस एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर, जेल भेज दिया गया है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8224035555, 8370049468**

# माठ में कल मनायी जायेगी कबीर जयंती

**खरोरा**। तिल्दा ब्लाक के ग्राम पंचायत माठ के नवनिर्मित कबीर मौनी बाबा आश्रम में प्रथम कबीर जयंती मनाई जाएगी। जयंती मनाने सभी कबीर भक्तों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम 23 जून को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। संत टकसाल दास द्वारा ध्वजारोहण, गुरु महिमा पाठ किया जायेगा इसके बाद संध्या पाठ फिर प्रसाद वितरण होगा। इसमें मुख्य रूप से अतिथि छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति धर्मेंद्र बैरागी, नरोत्तम शर्मा, बिसात कुर्रे, गोवर्धन पाल, जनपद सदस्य सुरेंद्र वर्मा, सरपंच सुरेंद्र, अधिवक्ता हरीश वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।



# अनूपपुर से कटनी के बीच बिछाई 97 किलोमीटर तीसरी लाइन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नई लाइन का विस्तार कार्य तेजी से चल रहा है। गुरुवार को मुदरिया स्टेशन में नान इंटरलाकिंग का कार्य पूरा किया गया। इस कार्य के लिए रेलव ने 18 से अधिक ट्रेनों को रद्द किया था। नान इंटरलाकिंग से रेलखंड पर 97 किमी तीसरी लाइन बिछाने का काम पूरा हो जाएगा।

रेलवे की यह तीसरी लाइन ट्रेनों की समयबद्धता बढ़ाएगी और सेक्शन की क्षमता भी बढ़ेगी। भारतीय रेलवे अभी अधोसंरचना से जुड़े कार्यों पर फोकस कर रहा है। यह कार्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में चल रहा है। इसमें अनूपपुर-कटनी स्टेशनों के मध्य 165.52 किमी नई विद्युतीकृत तीसरी लाइन का निर्माण भी शामिल है। इस कार्य के अंतर्गत घुंघुटी एवं मुदरिया स्टेशनों के मध्य 11 किलोमीटर रेल लाइन के तिहरीकरण कमीशनिंग कार्य के लिए मुदरिया स्टेशन में नान-इंटरलाकिंग का कार्य 13 जून से शुरू हुआ है और 20 को पूरा किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने से अनूपपुर-कटनी के मध्य लगभग 97 किमी तीसरी लाइन हो जाएगी।

- 20 जून को मुदरिया स्टेशन में नान इंटरलाकिंग का काम हुआ पूरा
- अनूपपुर-कटनी स्टेशनों के मध्य चल रहा 165 .52 किमी नई तीसरी लाइन का निर्माण कार्य

### 68 किमी के बाद बिलासपुर से नागपुर तक चौथी लाइन की पारी



### बड़ी मशीनों का कर रहे उपयोग

लाइन बिछाने का कार्य जितनी जल्दी पूरा हो जाए, इसके लिए रेलवे कर्मचारियों के साथ मशीनों का भी उपयोग कर रहा है। वर्तमान में टी-28, यूनिमैट एवं ड्यूमैटिक जैसी बड़ी मशीनों से कार्य कराया जा रहा है। अनूपपुर से कटनी रेल लाइन के तिहरीकरण हो जाने के बाद इस सेक्शन में क्षमता में और वृद्धि होगी, ट्रेनों की समयबद्धता बढ़ेगी और अधिकाधिक ट्रेनों के परिचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। इसका सीधा लाभ इस अंचल के यात्रियों को होगा।

### जल्द चौथी लाइन का काम होगा शुरू

इस बेहद महत्वपूर्ण व चुनौतीपूर्ण कार्य को करने के लिए रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द और परिवर्तित किया है। इससे यात्रियों को परेशानी भी हो रही है, लेकिन जब यह पूरा हो जाएगा इसका सबसे बड़ा लाभ आम यात्रियों को ही मिलेगा। रेलवे दिन रात कार्य करा रहा है, ताकि समय पर पूरा हो सके। अभी बिलासपुर रेल मंडल ही नहीं, बल्कि जोन के तीनों मंडल में रेल लाइनों के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। बिलासपुर से झारसुगुड़ा तक चौथी लाइन बिछाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। इसके बाद बिलासपुर से नागपुर तक चौथी लाइन बनाई जाएगी। इससे ट्रेनों के परिचालन की गति की बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप



### बच्चे के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं पिता

**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित अंबुजा मॉल के सेलीब्रेशन प्लाजा में फादर्स डे के उपलक्ष्य में पापा है तो मुमकिन है कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री जगत ने कहा कि पिता का बच्चे के जीवन में महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। पिता न केवल परिवार के मुखिया होते हैं, बल्कि वे बच्चे के पहले आदर्श, मार्गदर्शक और संरक्षक भी होते हैं। उनके बिना बच्चे का विकास अधूरा रह जाता है। पिता अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से बच्चे को जीवन के संघर्षों से जूझने की क्षमता सिखाते हैं। कार्यक्रम के आयोजक अनिल जोतसिंघानी रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित मुकेश शाह, जयेंद्र नारंग, भाजयुमो नेता पन्ना दुबे एवं ज्यूरी के रूप में मधु फाउंडेशन की अध्यक्ष स्मिता पांडे, सचिव मोनिका साहू के साथ डॉ. संयुक्ता गांधी मौजूद रहीं।

### कलेक्टर से ग्रामीणों ने की पटवारी-पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने गुरुवार को ग्राम भरेंगा में निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उचित मूल्य की दुकान में जाकर चावल, शक्कर और नमक के वितरण की भी जानकारी ली। इस दौरान वहां कुछ ग्रामीणों ने पटवारी और पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने दोनों कर्मचारियों को नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित होने और जनता के कार्यों को प्राथमिकता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

### स्कूलों में विषयवार हो शिक्षकों की नियुक्ति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने भर्ती पदोन्नति में संशोधन कर सरकारी मिडिल स्कूलों में शिक्षकों को कोई की संकाय पढ़ाने का फरमान जारी किया, जिसका विषय विशेषज्ञों ने खुलकर विरोध किया और मामला कोर्ट तक पहुंचा, लेकिन आज पर्यंत मामला कोर्ट में विचाराधीन ही रह गया। विषय विशेषज्ञों को अब नई सरकार से उम्मीद है कि विषय बाध्यता पुनः लागू की जाए, क्योंकि इसका प्रावधान शिक्षा का अधिकार कानून में भी है। श्री पॉल का कहना है कि कोई भी शिक्षक कोई भी विषय नहीं पढ़ा सकता है।

### बस्तर जिला शिक्षा अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** बस्तर की जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निलंबित कर दिया गया है। विभाग द्वारा गुरुवार को यह आदेश जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि बस्तर में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रहने के दौरान उनके द्वारा सूखा राशन का क्रय नियम विरुद्ध किया गया। इसकी शिकायत विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई थी। जांच में शिकायत के सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक बस्तर निर्धारित किया गया है।

### बिरगांव निगम की एमआईसी ने सरोकार को लेकर की चर्चा और दी सहमति

# घटते भू-जल को दुरुस्त करने सर्वे सौ बोर में वाटर हार्वेस्टिंग का प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घटते भू-जल को दुरुस्त करने के लिए बिरगांव निगम की एमआईसी ने अहम निर्णय लिया है। इस सीजन में निगम के 40 वार्डों में मौजूद 800 बोर का सर्वे किया जाएगा। जिस क्षेत्र में बोर सूखने की शिकायत गर्मी में रहती है। ऐसे अलग-अलग क्षेत्र के 100 बोर में पहले फेज में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की प्लानिंग पर काम शुरू होने वाला है। सर्वे के बाद भूमिगत जल की बेहतरी के लिए प्रत्येक बोर पर करीब 15-15 हजार रुपए खर्च करने की तैयारी है।

हरिभूमि सरोकार

औद्योगिक क्षेत्र से सटे बिरगांव निगम के उरला, अछोली, बिरगांव, रावांभाठा, सरोरा और उरकुरा की अलग-अलग बस्तियों में निगम ने 800 से ज्यादा बोर करवाए हैं। इनमें 400 से ज्यादा बोर हर साल गर्मी में सूख जाते हैं। इससे आस-पास के लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। इसे देखते हुए एमआईसी ने निर्णय लिया है कि हर साल 100 बोर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा। इससे सामान्य दिनों में ही नहीं बल्कि गर्मी में भी बोर से निकलने वाले पानी को हार्वेस्टिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इसे लगाने से पहले सूखने वाले बोर को प्राथमिकता देने की तैयारी है। इसके लिए जल प्रदाय विभाग की टीम ऐसे बोर का चिन्हांकन करेगी, जो सूख जाते हैं।

### हैंडपंप भी लगाने का प्लान

निगम के इंजीनियर्स व प्रतिनिधियों के माध्यम से ऐसे बोर का भी चिन्हांकन किया जाएगा, जहां पर मोटर लगे हैं। इससे पानी की बर्बादी होती है। ऐसे बोर से मोटर निकालने के बाद उनमें हैंडपंप की तरह उपयोगी बनाया जाएगा। इसके साथ ही वहां वाटर हार्वेस्टिंग लगाया जाएगा। यह प्रक्रिया जन महीने से ही शुरू की जाएगी। ऐसा इसलिए किया जाएगा, ताकि वर्षा जल के साथ ही बोर के बूंद-बूंद पानी को संचित किया जा सके।




### वाटर हार्वेस्टिंग लगाएगी एजेंसी

एमआईसी में निर्णय के बाद जल संरक्षण के लिए पहले फेज में सौ बोर में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने का प्लान तैयार हुआ है। सर्वे के बाद एजेंसी को इसे लगाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने प्रत्येक बोर पर 12 से 15 हजार खर्च होगा।

- **इकराम अहमद,** अध्यक्ष, जल प्रदाय विभाग, नगर निगम, बिरगांव

### करीब 15 लाख होगा खर्च

निगम सूत्रों ने बताया कि जिस-जिस क्षेत्र के बोर का चिन्हांकन किया जाएगा। ऐसे 100 बोर में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की प्रक्रिया पर हर बोर के लिए करीब 15 हजार रुपए तय किया जाएगा,यानी भूमिगत जल की बेहतरी के लिए इस बरसात में ही 15 लाख से ज्यादा खर्च किया जाएगा। इस प्रक्रिया को हर साल करते हुए सभी सार्वजनिक बोर का जल जो बाहर फेका जाता है, उसे संरक्षित करने की तैयारी है, जुलाई में काम शुरू होगा।

# बारिश से पहले बाढ़ संभावित गांवों का जायजा लेने पहुंचा प्रशासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

जिले के सरिया क्षेत्र के बाढ़ संभावित गांवों सांकरा और ठेंगागुड़ी का जायजा लेने कलेक्टर धर्मेश साहू, एसपी पुष्कर शर्मा, एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार शनि पैकरा आदि पहुंचे। कलेक्टर ने वहां सरकार की योजनाओ के कार्यों का अवलोकन किया और ग्रामीणों से पूछकर पीएम आवास, नल जल योजना, महतारी वंदन, पीएम किसान सम्मान निधि, पेंशन, राशनकार्ड, पीडीएस राशन का मैदानी क्षेत्रों में योजनाओं के पहुंच का जायजा लिया। जिला टीम ने बरमकेला से ओडिशा सीमा अंचल स्थित ग्राम पंचायत सांकरा का भ्रमण कर अवलोकन किया। इस बार जिला प्रशासन, बाढ़ के पूर्व तैयारी को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। कलेक्टर ने बाढ़ तटबंधों का सघन जायजा लिया सरिया तहसील अंतर्गत आने वाले बाढ़ ग्राम पंचायतों मे लोगों की बाढ़ के समय किसी भी प्रकार की कठिनाइयों से जूझना नहीं पड़े। इसे लेकर प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रहा है। बाढ़ के समय बाढ़ पीड़ितों को रहने के लिए ऊंचे स्थल का भी चयन, लगने वाले शिविर में बाढ़ पीड़ितों को हर तरह की मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, पहुंच पथ और सामुदायिक किचन के लिए आदिवासी बालक आश्रम सांकरा को चिन्हित किया गया है। विगत पाक्षिक में बाढ़ आपदा की बैठक और मॉकड्रिल किया जा चुका है। बैठक में पानी से कैसे बचाव जरूरी है। खाद्य पदार्थों का भंडारा, कहां लोगों को ठहराव करना है, किस तरह से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। इन सभी मुद्दों पर समीक्षा बैठक लेकर सभी सुविधाओं के बारे में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। वही शासन की योजनाओं का जनता को लाभ मिल रहा है कि नहीं इन संबंध में भी चर्चा किया गया। इस दौरा के जिला टीम में कलेक्टर, एसपी के अलावा हरिशंकर चौहान परियोजना निर्देशक, सीएमएचओ डॉक्टर अवधेश पाणिग्राही, एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार शनिराम पैकरा, डॉ. संजय पटेल बीएमओ, प्रज्ञा यादव सीईओ कमलेश कुमार मेहरा पीईओ, महिला बाल विभाग सहित गांव के सरपंच सचिव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ का प्रांतीय अधिवेशन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

- शपथ ग्रहण समारोह भी होगा

प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के गठन को पांच साल पूरे होने तथा छत्तीसगढ़ शासन से पत्राचार की मान्यता प्राप्त होने की खुशी में प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ का प्रांतीय वार्षिक अधिवेशन तथा पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का 23 जून को रायपुर में किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए संगठन के प्रांतीय महामंत्री अरूण कुमार रामटेक ने बताया कि प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ को छत्तीसगढ़ शासन से पत्राचार की मान्यता प्राप्त होने की खुशी में संघ का प्रांतीय अधिवेशन एवं शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। अधिवेशन में वीएस वटे राष्ट्रीय अध्यक्ष आल इंडिया आदिवासी एम्प्लाइज फेडरेशन मुख्य अतिथि होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में आदिराम सेवानिवृत्त अनु विभागीय अधिकारी कोण्डागांव तथा सुश्री उमा जाटव प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ नवीन शिक्षक संघ होंगे। प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष करन सिंह अटेरिया की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में प्रदेश के हजारों अधिकारी कर्मचारियों तथा पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। समारोह में मुख्य रूप से केंद्र के समान देय तिथि से मंहगाई भत्ताए समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को क्रमोन्नतए पदोन्नति एवं चार स्तरीय समय मान वेतन मान लागू किया जाये, प्रदेश के 2 लाख 80 हजार अनियमित दैनिक वेतन भोगी तथा आउट सोर्सिंग से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किया जाये, प्रदेश के लिपिक एवं अन्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति का निराकरण शीघ्र किया जाये। पूर्ण पैंशन की पात्रता के लिए सेवा अवधि 25 बर्ष किया जाये। प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 1900 ग्रेड पे लागू किया जाये, सेवा निवृत्ति पर वेतन अवकाश नगदीकरण की सीमा 300 दिवस किया जाये तथा पदोन्नति के लिए वरष्ठि एवं पात्र कर्मचारियों को शाजिश के तहत सीआर खराब लिखने वाले अधिकारियों के ख़िलाफ़ दण्डात्मक कार्यवाही संबंधी मांगों को लेकर आगे की रणनीति पर विचार किया जायेगा। प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ की सचिव मंजू ठाकुरए कोषाध्यक्ष श्याम लाल साहू, संयुक्त सचिव गोरेलाल यात्रा, संगठन सचिव रामजी सेन आदि सभी पदाधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की कर्मचारियों से अपील की गई है।

# विधायक ने अस्पताल का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोंगरीडीह में शुक्रवार को कसडोल विधायक संदीप साहू नव निर्मित सियाराम अस्पताल 2 के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गांव में अस्पताल खुल जाने से आसपास क्षेत्र के लोगों को अब अपने स्वास्थ्य का इलाज कराने दूर दराज बड़े शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहां अस्पताल खुल जाने से आपको इलाज में सुविधा मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सतीश पांडे, अजय बार्वे सहित कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।






### मोदी सरकार ने आते ही किसान हित में ऐतिहासिक फैसले लिए

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने धान समेत कृषि उत्पादों के बढ़े हे नए समर्थन मूल्य की घोषणा का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार का आभार व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार ने खरीफ की फसलों के समर्थन मूल्य में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। धान के समर्थन मूल्य में भी बहुत अच्छी बढ़ोतरी की गई है और इससे देश के साथ-साथ प्रदेश के किसानों में भी हर्ष व्याप्त है। श्री शर्मा ने कहा कि जहां तक सवाल है दलहन और तिलहन के दामों का, तो तिलहन के दामों में 983 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी की गई है, यह अपने आपमें एक अकल्पनीय बढ़ोतरी है और यह इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार किसानों को कैश क्राफ्ट की खेती की तरफ ले जाना चाहती है और इसका परिणाम यह होगा कि देश में दालों और तेल के आयात में कमी आएगी और विदेशी भुगतान संतुलन में भी इसका फायदा मिलेगा। बाजरा, ज्वार और रागी के दाम में जो बढ़ोतरी की गई है उससे मिलेट की खेती करने वाले किसानों में काफी उत्साह है। रागी, ज्वार और बाजरा के जो दाम है, उनमें 2014 की तुलना में लगभग 100% की बढ़ोतरी हो चुकी है। दलहन और तिलहन में 2014 की तुलना में 85 से लेकर के 100% तक की बढ़ोतरी हुई है जबकि धान की फसलों में यह बढ़ोतरी 2014 की तुलना में वर्तमान कीमत लगभग 72% की बढ़ोतरी है। इन सबको देखकर निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मोदी सरकार किसानों के प्रति चिंतनशील है।

# सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति ने अब तक प्रेषित किए 55 प्रकरण, 3 पर अपराध दर्ज करते हुए अन्य 4 व्यक्तियों की पहचान हुई है। कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश में 10 जून आगजनी की घटना एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन पैनी नजर रखे हुएं है। जिसके तहत प्रशासन को बड़ी सफलता मिल रही है। जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति ने अब तक 55 संदिग्ध प्रकरण (फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सप एवं ट्वीटर की आईडी) पहचान कर एसडीएम के माध्यम से एसडीओपी को लगातार भेजा जा रहा है। जिसमें सायबर पुलिस एवं थाना प्रभारियों की मदद से 3 पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही आज अन्य 4 व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। उक्त प्रकरणों में अनुविभाग बलौदाबाजार 49, कसडोल 5 एवं सिमगा के1 प्रकरण शामिल है। सायबर सेल द्वारा लगातार संदिग्ध आईडी की पहचान हेतु गूगल, इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सप कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले वासियों से अपील करते हुए किसी भी व्यक्ति को सोशल मीडिया में भड़काऊ कंटेन पोस्ट करने बचने कहा है। यदि किसी भी व्यक्ति का पोस्ट भड़काऊ या सामजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला होगा तो निश्चित ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है की कानून एवं व्यवस्था के संदर्भ में सोशल मीडिया के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया में जिले के सम्बन्ध में चल रहे गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं नकारात्मक गतिविधियों सम्बन्धी लेखों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से सोशल मीडिया में नकारात्मक लेखों,तथ्यों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। आपत्तिजनक पोस्ट,कमेंट्स आदि पाये जाने पर समिति प्रतिदिन जानकारी संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी व संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को त्वरित कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

# जलभराव, नालों की सफाई करवाने जोन में हुई बैठक

- जोन अध्यक्ष निशा-देवेन्द्र यादव ने पार्षदों से की चर्चा
- पौधारोपण अभियान, उद्यानों के रखरखाव के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जोन 6 कार्यालय में जोन अध्यक्ष निशा देवेन्द्र यादव ने गुरुवार को जलभराव, नालों की सफाई सहित वार्डों के विकास कार्य को लेकर बैठक ली।

जोन अधिकारियों के साथ ही 7 वार्ड के पार्षद इस बैठक में शामिल रहे। जोन अध्यक्ष ने पार्षदों से वार्ड के विकास को लेकर चर्चा की और उनसे सुझाव मांगे। बारिश में जलभराव की समस्या और नालों की सफाई करवाने निशा देवेन्द्र यादव ने समीक्षा बैठक ली। इस दौरान जोन के वार्डों में उद्यानों के समुचित रखरखाव करने सहित बगीचों की लाइट को तत्काल दुरुस्त करवाकर प्रकाश व्यवस्था की सुविधा कायम करवाने के निर्देश दिये। जोन अध्यक्ष ने जोन के 7 वार्डों में मानसून के दौरान खाली स्थानों पर सुरक्षित रूप से पौधारोपण अभियान पार्षदों की अगवाई में सामाजिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता में कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। नालों एवं नालियों की तले तक सफाई करवाने के की हिदायत इस दौरान जोन अधिकारियों को दी गई। जोन अध्यक्ष ने जोन में स्वीकृत होने के बाद भी अब तक शुरू नहीं हुये विकास कार्यों को तत्काल प्रारंभ करवाकर मॉनिटरिंग करवाने निर्देश दिये। बैठक में एमआईसी सदस्य समीर अख्तर, पार्षद सरिता वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि जयमोहन साहू, अभिषेक धनगर, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# क्षेत्र की समस्याओं को विस में उठाएंगी विधायक

**गिधौरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने वनांचल के कई गंभीर समस्याओं को विधायक कविता प्राण लहरे को रायपुर पहुंचकर अवगत कराया। इसमें मुख्य रूप से ओलावृष्टि से प्रभावित कुछ गांव छूट गए हैं उनका मुआवजा प्रकरण, सोनाखान राजादेवरी होते हुए बया मार्ग, बानीखार से बिलारी होते हुए सालिहा मार्ग, थरगांव से कुशगढ़ होते हुए विजयमॉल पहुंच मार्ग, रवान से छतालडबरा मार्ग, गजराडीह मुरूम डीह, तालाझर मार्ग, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी देवरूम से देवगांव वन विभाग का मार्ग, राजा देवरी, बार नवापारा, गिरौद पुरी हॉस्पिटल में डॉक्टर की समस्या एंबुलेस सुविधा आदि कई विषयों पर चर्चा कर विधायक कविता प्राण लहरे को अवगत कराया, और विधानसभा सदन में बात रखने की बात कही। विधायक कविता प्राण लहरे ने समस्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए, ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक को आश्वस्त किया कि, वनांचल की समस्या, मेरी घर की समस्या है। निश्चित ही मैं वनांचल के समस्त समस्याओं के निदान के लिए, जनहित कार्यों के लिए, सड़क से सदन तक की लड़ाई लडूंगी और मेरे क्षेत्र की जनताओ को उनका हक दिला कर ही रहूंगी।



# चुनाव आयोग ने कांकेर लोकसभा सीट के चार बूथों के ईवीएम की जांच के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चुनाव आयोग ने कांकेर लोकसभा सीट पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर जांच के आदेश दिए हैं। अब यहां पर ईवीएम की जांच कराई जाएगी। कांकेर से भाजपा के भोजराज नाग ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस के बीरेश ठाकुर को 1884 वोटों से हराया है। कांग्रेस उम्मीदवार ने गड़बड़ी की आशंका जताते हुए चुनाव आयोग को शिकायत भी की थी। मतगणना के दिन रीकाउंटिंग के कारण यहां का परिणाम सबसे देर से आया था। हालांकि परिणाम से असंतुष्ट कांग्रेस उम्मीदवार ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर ईवीएम की जांच कराने की मांग की थी। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन आए थे। इनमें छत्तीसगढ़ के कांकेर लोकसभा सीट का भी नाम शामिल था। इनमें ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच की मांग की गई थी।

चुनाव आयोग ने इसके बाद कांकेर की 3 विधानसभा क्षेत्रों संजारी बालोद, गुंडरदेही और सिहावा के 4 बूथों पर जांच के आदेश दिए हैं। संजारी बालोद के 2 और बाकी के 1-1 बूथ शामिल हैं।

### ईवीएम बदलने का आरोप

कांकेर सीट से बेहद करीबी मुकाबले में हारने वाले कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर ने 4 केंद्रों के ईवीएम बदले जाने के आरोप लगाए थे। उन्होंने कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर को ज्ञापन सौंपकर संजारी बालोद, गुंडरदेही और सिहावा विधानसभा में ईवीएम जांच की मांग की थी। बीरेश ठाकुर ने कहा, मतदान के बाद जो ईवीएम के नंबर एजेंट को दिए गए थे, मतगणना के दिन वो कैसे बदल गए। निर्वाचन आयोग को इसका जवाब देना होगा। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार जिस ईवीएम पर गड़बड़ी को आशंका हो, उसकी जांच करवाई जा सकती है।

### निर्वाचन आयोग ने जारी की थी गाइडलाइन

यह पहली बार है कि इलेक्शन कमीशन ने ईवीएम चेक कराने को लेकर गाइडलाइन जारी की है। 4 जून को काउंटिंग से पहले 1 जून को आयोग की ओर से यह गाइडलाइन आई थी। इसमें यह प्रावधान किया गया है कि रिजल्ट आने के बाद जो भी सेकेंड पोजिशन वाला उम्मीदवार है, वह ईवीएम चेक कराने के लिए आवेदन कर सकता है। आयोग की ओर से एक ईवीएम चेक कराने के लिए 50 हजार रुपए की फीस रखी गई है। उम्मीदवार को रिजल्ट आने के 7 दिन में इसके लिए आवेदन किया जाना जरूरी है।

**खबर संक्षेप**

## अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण उप स्वास्थ्य केन्द्रों मे स्वास्थ सुविधा प्रभावित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य अधिकारी संघ के आह्वान पर जिले भर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। तीन सूत्रीय मांगों के तहत कहना है कि लंबित कार्याधारित मानदेय तथा शासन द्वारा निर्देशानुसार प्रति माह 15 तारीख से पहले से भुगतान, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को स्थानांतरण एवं मुख्यालय से 8 किलोमीटर दायरे में रहने का लाभ और कांकेर जिला संयोजक पवन वर्मा की बहाली की मांग शामिल है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के प्रदेश महामंत्री आशीष नंद ने बताया कि जब तक इनकी मांगे पूरी नहीं होती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। इस बीच हड़तालियों ने विश्व योग दिवस पर धरना स्थल पर योग करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

## छग शिक्षक पात्रता परीक्षा के संचालन के लिए परिवहन अधिकारी व पर्यवेक्षक नियुक्त

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 रविवार 23 जून 2024 को दो पालियों में आयोजित किया गया है। प्रथम पाली में कक्षा 1-5 तक अध्यापन पात्रता के लिए परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में कक्षा 6-8 तक अध्यापन पात्रता के लिए परीक्षा अपराह्न 2 बजे शाम 4:15 बजे तक जिला मुख्यालय में आयोजित है। जिला मुख्यालय में प्रथम पाली में 23 परीक्षा केंद्र में 6859 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में 35 परीक्षा केंद्रों में 10098 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर प्रभात मलिक ने परीक्षा के सुचारू व निर्विघ्न संचालन के लिए परीक्षा केंद्र तक गोपनीय सामग्री पहुंचाने के लिए परिवहन अधिकारी व पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

## खिलाड़ियों ने किया योगाभ्यास

**महासमुंद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में सुबह 7 से 8 बजे के मध्य खिलाड़ियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। जिसमें एकलव्य विद्यालय भोरिंग, तुमगांव आदि क्षेत्र के खिलाड़ी शामिल हुए। योग दिवस को सफल बनाने में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग शिल्पा साय, प्राचार्य महेंद्र टंडन, व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई, तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू का सहयोग रहा।

## चोरी की दो बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बसना।** चोरी के दो मोटर साइकिल के साथ एक व्यक्ति को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सियाराम बारिक ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीई 6775 हीरो स्प्लेंडर प्लस को अग्रवाल नर्सिंग होम बसना के सामने से किसी अज्ञात चोर द्वार चोरी का ले गया।

### दिवस : शहर में मनाया गया योग दिवस, बड़ी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा

# योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री श्याम बिहारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रभारी और कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शिरकत की और योग भी किया। इस दौरान शहर में मेडिकल वेस्ट के खुले में डंपिग की शिकायत पर मंत्री जायसवाल ने एक्शन लेने की बात कही।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बलौदाबाजार जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर जिला प्रभारी और कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। मंत्री जायसवाल ने भी लगभग 500 से अधिक स्कूली बच्चों और गणमान्य नागरिकों के साथ योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर जायसवाल ने कहा कि योग से तनाव दूर होता है। यह शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और शांति का उत्कृष्ट माध्यम है, योग हमारी आत्मा, सोच और विचार को भी शुद्ध करता है।

उन्होंने योग को शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य और तनाव रहित जीवन का माध्यम बताया। उन्होंने स्वस्थ तन और उत्साहित मन के लिए योग को अपने जीवनचर्या में शामिल करने के साथ व्यक्ति को स्वयं योग करने के साथ ही अपने परिचितों को भी योग के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में योग को बढ़ावा देने के लिए हेल्थ वैलनेस सेंटर में योग प्रोटोकाल का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

आयुर्वेद चिकित्सा का सेटअप देने की मांग : जिला अस्पताल निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री से इलाज कराने के लिए आए पुरानी बस्ती रेशम लाल कुर्रे ने आयुष और आयुर्वेद चिकित्सा का सेटअप देने की मांग की, जिस पर मंत्री जायसवाल ने कहा, एमआरआई मशीन की मांग के साथ ही दो डायलिसिस मशीन की मांग की गई है, जिसके लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। डॉक्टर और कर्मचारियों की कमी पर उन्होंने कहा, जल्द ही भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी. कर्मचारियों की भर्ती अटकी हुई थी, जिसे जल्द ही पूरी कर ली जाएगी।



### स्वास्थ्य विभाग की कमियां 15 दिन में होगी दूर

इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिले में एक्सपर्ट डॉक्टर और कर्मचारियों के साथ ही संसाधनों की कमी को लेकर मीडिया से चर्चा की, जिले में कसारा डंपिंग यार्ड में दवाइयां (मेडिकल वेस्ट) के खुले में डंपिग की शिकायत पर मंत्री जायसवाल ने कहा, मुझे इसकी जानकारी नहीं थी, अगर इस प्रकार से खुले में दवाइयां या मेडिकल वेस्ट डंप किए जा रहे हैं, उस पर हम संज्ञान लेंगे. जितने भी बायोडिग्रेडेबल वेस्ट हैं, उसके निपटारे के लिए नियम हैं और व्यवस्थाएं भी है. फिर भी ऐसा हो रहा है तो नियमों का पालन कराया

### स्वास्थ्य मंत्री ने लिया जिला अस्पताल का जायजा

योग कार्यक्रम के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बलौदाबाजार जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने मरीज वेटिंग एरिया में डिस्प्ले लगाने, व्हिलचेयर की संख्या बढ़ाने, जन औषधि केंद्र में दवाइयों और मूल्य का डिस्प्ले बड़ा लगाने के निर्देश दिए. उन्होंने बर्न यूनिट और रेडियोग्राफर की जानकारी ली और एक माह के भीतर बर्न यूनिट तैयार करने के निर्देश दिए है। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अलग-अलग विभागों में जाकर भर्ती हुए मरीजों से मुलाकात की और उनका हाल जाना. फिजियोथेरेपी कक्ष में सुधाएं दुरुस्त करने और मशीनों के संबंध में निर्देश दिए।

### संयंत्र के आवासीय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना



**बलौदाबाजार।** श्री रायपुर सीमेंट प्लांट(इकाई श्री सीमेंट लिमिटेड)के भरूवाडीहस्थित आवासीय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसका भव्य आयोजन किया गया। संस्थान के कर्मचारियों, महिलाओं व बच्चोंनेबढ़–चढ़करभाग लिया।कार्यक्रम में बलौदाबाजार से आये योग गुरु हेमंत टिकरीया व राजेश्वरी बघेल द्वारा विभिन्न योग क्रियाओं व आसनों के माध्यम से सभी को योग के महत्व व अपने जीवन में योग करने का संकल्प दिलाया। पॉच दिवसी य शिविर के समापन समारोह को योग के माध्यम से शरीर की हर कोशिका कोस्वस्थ और बेहतर बनाने की दिशा में योगाभ्यास किया।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संयंत्र के कलस्टरहेड श्री मनोजकुमार वास्तव ने प्लांटकेसभी कर्मचारियों एवं कालोनीवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संदेश में सभी से योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपीलकी औरकहाकियोगसेस्वस्थवनिरोगीजीवनका लक्ष्य आसानी से पाया जा सकता है। इस अवसर पर प्लांट के वरिष्ठअधिकारियों में श्रीविजय अग्रवाल, अक्षयजैन, हरीशघनवानी, बीएस छिपा, अमित चौहान, रितेश,अभिषेक चौहान,प्रमोद सुवालका,आशीश माहेश्वरी, एस.राजू, संजी वद्विवेदी, मुकेश देवागंन इत्यादि उपस्थित थे।

# स्वस्थ शरीर के लिए योग जरूरी : शिवरतन







**भाटापारा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार को नगर के सिटी सेंटर मॉल में मनाया गया। इस अवसर पर लोगों को जागरूक करने छत्तीसगढ़ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने इसी कड़ी में भाटापारा में 10वें 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कई योगासन भी किए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में आज दुनिया के 200 देश अंतरराष्ट्रीय योग पर योग के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ जुड़े हैं। इस तरह वह योग की विभिन्न विधाओं के साथ जुड़कर भारत की ऋषि परंपरा के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं। शिवरतन शर्मा ने कहा यह भारतीय मनीषा का विश्व मानवता के कल्याण के लिए दिया गया एक उपहार है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा कहती है, 'शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम' यानी शरीर के जितने भी साधन हैं, जीवन के जितने भी हमारे माध्यम हैं, वह स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सामान्य स्वास्थ्य के लिए लोग कई तरह एक्सरसाइज करते हैं, लेकिन स्वस्थ शरीर के साथ स्वस्थ मस्तिष्क केवल योग से ही संभव है। योग की विधा से ही ऐसा हो सकता है। भारतीय मनीषा के हजारों वर्षों की यह परंपरा हम सबकी विरासत का हिस्सा है।

श्री शर्मा ने कहा कि योग शरीर को रोगमुक्त ही नहीं करता बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक स्तर पर मानव को सशक्त, शांत और ओजस्वी बनाता है।उक्त अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी, जिलाध्यक्ष भाजयूमो सुनील यदु, मंडल महामंत्री योगेश अंनत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नितिन तिवारी, तहसीलदार चित्रलेखा चंद्रवंशी, प्रकाश पटेल, कुंजराम कोशले, शैलेन्द्र नामदेव, अभिषेक वर्मा सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य एवं योग साधक उपस्थित थे।

### बगैर पैसे की औषधि है योग, जो शरीर को बनाता है निरोग



**खरोरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पंचायत के तत्वावधान में मंगल भवन परिसर में योग की कक्षा लगी। योग गुरु चंद्रकुमार डडसेना ने उपस्थितजनों को सरल एवं सहज कर सकने वाले योग एवं आसन कराकर नित्य दिनचर्या में उतारने का आग्रह किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रांतीय मंत्री किसान मोर्चा भाजपा वेदराम मनहरे ने योग का महत्व बताते हुए कहा योग बिना पैसे का औषधि है जो शरीर को निरोग रखता है एवं मन को शांति प्रदान करता है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने कहा -जीवन में कुछ करना है तो मन को मारे मत बैठो, आगे आगे बढ़ाना है तो हिम्मत हारे मत बैठो। योग हमें हिम्मत एवं सबल, निरोगी काया देता है। इस अवसर पर नपं सीएमओ होरिलाल ठाकुर, सूरज सोनी, इंजीनियर हरिश मांझी, पार्षदगण तोरण ठाकुर, पंचराम यादव, श्रीमती रश्मि वर्मा, पुरनेद्र पाध्याय, विकास ठाकुर, राजेश चौहान,शिवम साहू,देव देवांगन, गोपी साहू, नेहरू निर्मलकर, अमित बंछोर, मथुरेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वछता दीदी एवं नागरिक गण थे।

# अनुलोम, विलोम, प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम योग के प्रति लोगों में बढ़ी रुचि





**मुड़पार-सरसीवां।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के ब्लॉक मुख्यालय बिलाईगढ़ में स्वयं व समाज के लिए योग थीम को लेकर मनाया गया। प्रतीक प्रधान सीईओ बिलाईगढ़ए कमलेश कुमार सिदार तहसीलदार बिलाईगढ़, एएसएन साहू बीईओ बिलाईगढ़ एमआर साहू बीआरसीसी बिलाईगढ़ की उपस्थिति में सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात योग प्रशक्षिक पूनम सिंह साहू, भागवत प्रसाद साहू, आरती साहू ने योग दिवस पर उपस्थित लोगों को योग व्यायाम के गुण सिखाएं। प्रोटोकाल के तहत योग अभ्यास कराते हुए स्वस्थ जीवन जीने की कला सिखाते हुए विभन्नि प्रकार के आसन योग व्यायाम जैसे खड़े होकर किए जाने वाले आसन ग्रीवा चालनए घुटना संचालन, तड़ासान, वृक्षासन, त्रिकोणासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन बैठ कर किए जाने वाले आसन भद्रासन, बज्रासन, अर्धउष्ट्रासन, शशकासन, उदर के बल लेट कर किए जाने वाले आसन जैसे मकरासन, भुजंगासन, सेतुबंधासन, अर्ध हलासन, पवन मुक्तासन व कपालभाति, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम कराया।सीईओ प्रधान ने उद्बोधन देते हुए कहा प्रथम सुख निरोगी काया अगर इंसान को निरोगी जीवन जीना है तो कहीं न कहीं योग से जुड़ना पड़ेगा। आज योग पूरे भारत को एक सूत्र में बांध कर रख दिया। लोगों को प्रतिदिन अपने जीवन में योग व्यायाम को अपनाने हेतु अपील की। एस एन साहू विकासखण्ड शक्षिा अधिकारी ने जन समुदाय को बताया कि योग सर्फि बीमारी से मुक्ति नहीं दिलाता बल्कि सुखी जीवन भी प्रदान करता है। इसलिए हम अधिक से अधिक योग से जुड़े। अंत में एम आर साहू बीआरसीसी बिलाईगढ़ ने आभार व्यक्त किया।

**पेज 9 के शेष**

## कलेक्टोरेट के ध्वजखंभ...

शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खड़ी वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए आग लगा लगा दी थी। इसमें सुरक्षा व्यवस्था में लगे कई पुलिस अधिकारी कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों को गंभीर चोटें आई थी।

इस पूरे घटनाक्रम में एक विशेष बात सामने आई थी कि एक आरोपी द्वारा संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित ध्वजखंभ पर चढ़कर नारेबाजी करते हुए एवं चल्लिाते हुए सफेद ध्वजा लगा दिया था। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान गाली गलौज कर तोड़फोड़ एवं पत्थर बाजी करते हुए वाहन एवं संयुक्त कार्यालय में आगजनी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में विभन्नि धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है तथा इसमें शामिल आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमों का गठन कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दी जा रही है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों का वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सरगर्मी से पता तलाश जारी है। प्रकरण में जांच विवेचना कार्यवाही अभी जारी है।

## पुलिस ने पत्नीहंता ...

अपनी पत्नी खिलेश्वरी की हत्या कर दी गई है। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी पति खिलावन उर्फ राजू 36 साल तिल्दा (डोंगरा) थाना लवन को हिरासत में लेकर पुछताछ की गई। इसमें आरोपी द्वारा पारिवारिक विवाद पर से लोहे की टंगिया से वार कर अपनी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया गया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त टंगिया जब्त करते हुए, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# नगर साहू समाज के अध्यक्ष बने राजेश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर साहू समाज के नए अध्यक्ष के रूप में राजेश साहू की नियुक्ति की गई। वें पूर्व में सचिव पद पर अपने सफलतम दो कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं। उनका मनोनयन प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू की अनुशंसा पर जिला साहू संघ अध्यक्ष सुनील साहू द्वारा किया गया। इनकी नियुक्ति पर विधायक व संरक्षक नगर साहू समाज भाटापारा इन्द्र साव, जिला युवा प्रकोष्ठ संयोजक रवि साहू, जिला संगठन सचिव वीरबल साहू, पन्नालाल साहू, शंकर लाल साहू, पूर्व विधायक व तहसील अध्यक्ष चैतराम साहू, उपाध्यक्ष भरत साहू, कमलेश साहू, सचिव घनाराम साहू, कोषाध्यक्ष नरेश साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष दीनदयाल (रामु) साहू, नगर साहू समाज भाटापारा संस्थापक सदस्य घनाराम साहू, सुकृत साहू, मनीराम साहू, भंवर सिंह साहू, बाबूलाल साव, मोपर परिक्षेत्र अध्यक्ष सहदेव साहू, मोपका परिक्षेत्र अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, सिंगारपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष रामसागर साहू, तरेंगा परिक्षेत्र अध्यक्ष तिहारु साहू, नगर पदाधिकारीगण में भागवत साहू, लुकु साहू, तिलक साहू, जीत नारायण साव, नभ नारायण साहू, अजय (अमृतांशु), पिलाराम साहू, लखन साहू, नंदू साहू, संतोष साहू, अमृत साहू, कमला साहू, सती साहू, प्रमिला साहू, हिरमत बाई साहू, सोनू साहू, लीकेश साहू, पीताम्बर साहू, लाला साहू, निकेश साव, रोहित साहू, गेंदू साव, चंद्रप्रकाश साहू, रोशन साहू, संतोष साहू, हुलासराम साहू, खेदूराम साहू ने हर्ष व्यक्त किया।



## करें योग, रहें निरोग के साथ छात्रों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सरस्वती शिशु मंदिर सुरजपुरा रोड भाटापारा में विश्व योग दिवस पर छात्रों ने योग प्रमुख मनोज सिन्हा के मार्गदर्शन में योग किया। करें योग रहें निरोग के तारतम्य में ब्रम्हनाद से योग की शुरुआत की। तत्पश्चात विभिन्न आसनों के साथ सूर्य नमस्कार के बाद शान्ति पाठ कर समापन किया। वहीं संस्था प्रधान टेकराम वर्मा ने कहा योग का अर्थ जोड़ना होता है। शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास को एकीकृत करना ही योग है। योग से विभिन्न प्रकार के रोग दूर तो होते ही हैं साथ ही रोग कोसों दूर रहता है। योग करने वालों की काया निरोगी होती है। लोगों से अपील करता हूं कि अपनी निरोगी काया के लिए विश्व योग दिवस पर सभी योग प्रारंभ करें और अपनी काया को निरोगी रखें। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक अनिल जैन ने भी विश्व योग दिवस पर सभी आचार्यों एवं भैया बहीनों की निरोगी काया के लिए योग के महत्व को अपनाते हुए योग करने प्रेषित किया। इस अवसर पर टेकराम वर्मा, मालिक राम वर्मा, सुरेंद्र शर्मा, संजय तिवारी, निकिता शर्मा, रेखा वर्मा, नन्दिनी यादव, सुनीता वैष्णव सहित सभी आचार्य एवं छात्राओं ने निरोगी शरीर के लिए योग करके लाभान्वित हुए।

# एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण भटगांव में जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



माध्यमिक विद्यालय भटगांव में द्वितीय चरण का आयोजन किया गया है। मास्टर ट्रेनर गौरीशंकर कर्ष, बुद्धेश्वर प्रसाद कश्यप, बुधनी अजय द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं को एफ एल एन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

हिंदी विषय में मौखिक भाषा शिक्षण, डिकोडिंग, पढ़ना और लिखना चार ब्लाक पर कैसे बच्चों को सिखाना है इस पर चर्चा और गतिविधि द्वारा बुधनी अजय डीआरजी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। गणित विषय के विभिन्न आयाम, मूर्त से अमूर्त, ट्रेकर भरना, गिनती के लिए गतिविधि बुद्धेश्वर प्रसाद कश्यप डीआरजी ने बहुत सहज और सरल तरीकों से शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।गौरीशंकर कर्ष डीआरजी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, निपुण भारत, खेल गतिविधि, गीत,कविता, पहेलियां आदि पर सारगर्भित चर्चा और गतिविधि कराया।

एम आर साहू विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक ने प्रशिक्षण में शिक्षकों को सम्बोधित किया। प्रशिक्षण में सिखाए गए गतिविधि को विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु लागू करने के लिए निर्देशित किया।

श्रीमती उषा चौहान एसआरजी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर प्रशिक्षण में शिक्षकों को सम्बोधित किया। रामदुलार निराला, अरुण कुमार भारती, राजकुमार भास्कर, अरुण कुमार देवांगन, जगत ध्रुव, भागवत साहू, मनोहर साहू, राजेंद्र, रेशम लाल, बिंदुलता, सुनीता दुबे, क्षमा साव आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## खबर संक्षेप

### फर्नीचर दुकान में घुसी माजदा

**बागबाहरा।** नगर के बस स्टैंड के समीप गुरुवार की दरम्यानी रात माजदा वाहन को ट्रेलर ने ठोकर मारी जिससे माजदा फर्नीचर दुकान में जा घुसी। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया गुरुवार को रात 11 के आसपास बस स्टैंड के समीप माजदा सीजी 04 पीएस 4509 जो ट्रांसपोर्ट गैरेज का कार्य रायपुर से बागबाहरा सामान लाने के लिए किया जाता है। गुरुवार की रात को माजदा जग्गी गैरेज समान खाली न होने की वजह से अक्षय फर्नीचर के समीप रात को खड़ी थी और ड्राइवर भी सोया हुआ था, वहीं रायपुर की तरफ से आ रही ट्रेलर आरजे 19 जीएच 7357 माजदा वाहन को ठोकर मारते हुए करीबन 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इसके बाद माजदा फर्नीचर के दुकान में जा घुसी। स्थानीय लोगों की सहायता से माजदा ड्राइवर को बाहर निकाला गया। वहीं पास के ही बग्गी स्टोर के पास ट्रेलर जाकर रुका। इसके बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

### कलेक्टर जन चौपाल अब प्रत्येक सोमवार को

**महासमुंद।** कलेक्ट्रेट परिसर महासमुंद में कलेक्टर जन चौपाल का आयोजन प्रत्येक सोमवार को अपराह्न 12 बजे से 01 बजे तक होगा। कलेक्टर जनचौपाल में आवेदन प्रस्तुत करने के लिए टोकन का वितरण हमर गोहार कक्ष में अपराह्न 12 बजे तक किया जाएगा।

### बचे हुए राशन कार्ड का नवीनीकरण 30 जून तक, वितरण के भी निर्देश

**महासमुंद।** खाद्य सचिव द्वारा राज्य में प्रचलित राशन कार्डों का नवीनीकरण पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया है। इस संदर्भ में खाद्य अधिकारी ने खाद्य निरीक्षकों को शेष राशन कार्ड का नवीनीकरण कर वितरण पूर्ण करने सुनिश्चित करने कहा है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 3,30,702 राशन कार्ड प्रचलित है। उन्होंने खाद्य निरीक्षकों को अपने प्रभार क्षेत्रांतर्गत स्थानीय निकाय, शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए शासन द्वारा नियत तिथि 30 जून 2024 तक शेष बचे हितग्राहियों के राशन कार्डों का नवीनीकरण ऑनलाईन हितग्राही एप्प, दुकानदार एप्प के माध्यम से पूर्ण कराकर शत प्रतिशत नवीन राशन कार्डों का वितरण पूर्ण करने कहा है।

### विधायक चातुरी आयुष स्वास्थ्य मेला छिंदपाली में होंगी शामिल

**सरायपाली।** आयुर्वेद (आयुष) विभाग द्वारा ग्राम छिंदपाली में 22 जून को आयोजित आयुष स्वास्थ्य मेला में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर और विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अमृत पटेल, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव दीपांजलि बारीक, पार्षद सुरेश भोई, जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य तन्मय पंडा, सरपंच छिंदपाली नोहर बाई शंकर चौहान, जप उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, छिंदपाली के पूर्व सरपंच अरुण प्रधान, कृष्ण चंद्र साहू, रघुवीर साहू और सनेश चौहान शामिल होंगे। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, ट्रायसायकल समेत विभिन्न उपकरण प्रदान किए जाएंगे। विधायक चातुरी नंद ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लोगों को स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### ईश्वरीय विवि में योग दिवस पर अनेक कार्यक्रम

**सरायपाली।** सरायपाली प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय जैन विहार कॉलोनी प्रभु उपहार भवन द्वारा 21 जून 2024 को व्यक्ति और समाज के लिए योग का महत्व विषय पर आधारित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में संस्थान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें योग आयोग छत्तीसगढ़ प्रशासन द्वारा योग ट्रेनर यशवंत कुमार चौधरी आत्मानंद स्कूल प्रभारी प्राचार्य द्वारा कराया गया। जिसमें ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सदस्य ब्रह्मा कुमार भाई एवं ब्रह्मकुमारी बहनें, माताओं ने भाग लेकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : भवानीपुर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# मनुष्य के जीवन में योग का है महत्वपूर्ण स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏩ भवानीपुर



अंचल के ग्राम खपरी, तमोरी, भरूवाडीह, गिधपुरी, जुनवानी, मलपुरी, बिजराडीह, हरिंभठ्ठा, बोदा, मोहान, रीवाडीह, बम्हनी, चरोदा, साहड़ा, कुची, लटेरा सहित ग्रामीणों ने धूम धाम से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। प्राथमिक शाला भवानीपुर खपरी के खेल मैदान में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों बच्चों और युवाओं ने एक साथ योग किया। साथ ही ग्रामीणों द्वारा सामूहिक योग का भी आयोजन किया गया, जहां जनप्रतिनिधि, बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं ने विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास करते हुए योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला भवानीपुर के प्रधान पाठक टीपी शर्मा ने कहा कि योग मनुष्य के जीवन में काफी महत्वपूर्ण होता है। योग मनुष्य को स्वस्थ बनाए रखने का कार्य करता है। जो लोग योग करते है, वे मानसिक व शारीरिक दोनों रूप से स्वस्थ रहते हैं। योग से मन को शांति मिलती है।

वर्तमान समय में जिस स्तर से रोग बढ़ रहे हैं, उसमें योग और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। योग करने से आप इन सभी बीमारियों से आसानी से लड़ सकते हैं। योग करने से मनुष्य का शरीर लचीला हो जाता है और वह अपने शरीर को कैसे भी मोड़ सकता है। योग करने से कई बीमारियां जैसे ह्रदय रोग, रक्तचाप की समस्या, आदि से छुटकारा प्राप्त कर सकते हैं। योग करने से मोटापा भी नहीं आता है और आपका शरीर जल्दी से थकता भी नहीं। इस अवसर पर शिक्षिका झालबाई गेण्ड्रे शिक्षक राजकुमार पटेल, बिपेन्द्र बघेल, हेमराज दीवान, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष साहू सदस्य फुलेश्वरी ध्रुव, पुष्पा सेन, ममता साहू, शकुन साहू और सफाई कर्मचारी एवं लाल ग्राम पंचायत खपरी उप सरपंच मुकेश झा, सुकलाल जयसवाल, खेमराज कनौजे, ईश्वर साहू, भोजराम कनौजे, प्रकाश भतपहरी, हीना कुर्रे, बंधन बघेल, दूजराम निषाद सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## योग से शरीर रहेगा निरोग



**खरोरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी के प्रांगण में योग दिवस का आयोजन किया गया। इसमें 3 सीजी एयर एनसीसी के कैडेट्स, रेडक्रॉस, स्काउट– गाइड और विद्यालय के छात्र छात्राएं एक साथ समूह में मिलकर योगाभ्यास के लिए उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य सुश्री सीमा मेश्राम, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक आरके साहू तथा कनकी हायर सेकंडरी स्टाफ से राम निषाद, अंजू मरकाम, विजयलक्ष्मी वर्मा, अगनुदास टंडन, पुष्कर साहू एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी अधिकारी अशोक कुमार कोसले ने कहा– योग और योगाभ्यास हमें दिनचर्या में नियमित अनुशासित एवं मजबूत बनाने के लिए ही बनाया गया है। इसे अपने दिनचर्या में उतार कर जीवन को सरल और अनुशासित बनाएं। पुष्कर प्रसाद साहू व्यायाम शिक्षक ने सभी लोगों को योग का अभ्यास कराया। इस कार्यक्रम में सबसे पहले योगा कराया गया, जिसमें पैर, कमर, पीठ ग्रीवा, हस्त से संबंधित व्यायाम का कराया गया। इसके पश्चात योग आसन में भ्रामरी, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुजंगासन, शशकासन पवनमुक्तासन और अंत में सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। विश्व योग दिवस पर उपस्थित विद्यालय प्रांगण में सभी लोगों ने मिलकर एक साथ सभी अभ्यास को पांच-पांच बार दोहराएं।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य ने योग अभ्यास के महत्व को समझाते हुए लोगों को नित्य योगाभ्यास करने की उचित सलाह देते हुए स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं दी। उपरोक्त कार्यक्रम में 3सीजी एयर एनसीसी रायपुर द्वारा छात्र–छात्राओं के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई थी।

## माठ के स्कूलों में किया गया योगाभ्यास

**खरोरा।** विकासखंड तिल्दा-नेवरा अंतर्गत 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हाई, मिडिल और प्राथमिक स्कूल माठ में संयुक्त रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाई स्कूल के प्राचार्य आशाराम वर्मा ने योग के उद्देश्य के संबंध में बताया कि योग शरीर और मन को एक साथ लाता है और तीन मुख्य तत्वों गति, श्वास और ध्यान पर आधारित है। योग से कई शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ होते हैं, जिनमें बेहतर मुद्रा, लचीलापन, शक्ति, संतुलन और शरीर की जागरूकता शामिल हैं। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक मनोज कुमार बघेल, शिक्षकगण सरस्वती वर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह, उत्तरा साहू, वसुंधरा साहू, मंजुलता देवांगन, यामीन वर्मा, जनपद सदस्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा, सचिव राकेश कुमार साहू, रोजगार सहायक चेतन साहू तथा ग्रामवासी राजू वर्मा, लक्ष्मीनारायण धीवर, तरुण और राहुल यादव इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।





### योग से शरीर और मन को एक साथ मिलता है लाभ साधन

**खरोरा।** विकासखंड तिल्दा नेवरा अंतर्गत 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छड़िया पचरी के विद्यालयों में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के शिक्षक धीरेंद्र वर्मा ने योग के उद्देश्य के संबंध में बताया कि योग शरीर और मन को एक साथ लाता है और तीन मुख्य तत्वों–गति, श्वास और ध्यान पर आधारित है। योग से कई शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ होते हैं, जिनमें बेहतर मुद्रा, लचीलापन, शक्ति, संतुलन और शरीर की जागरूकता शामिल हैं। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक एस के देवांगन, प्राथमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक शांता पठारे व समस्त स्टाफ सहित विद्यार्थीगण,पालकगण और जनप्रतिनिधिगण इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## छात्रों ने विभिन्न आसनों का किया अभ्यास



**खरोरा।** भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें विद्यालय के योग शिक्षक योगेंद्र त्रिपाठी द्वारा योग सर्वप्रथम प्रार्थना से आरंभ करते हुए, ग्रीवा चालन, स्कन्ध संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, शिथलीकरण अभ्यास कराया, तदुपरांत योगासन में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, शशकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, पवनमुक्तासन, शवासन, कपालभाति प्राणायाम, भ्रामरी, प्राणायाम जैसे अनेक योगाभ्यास कराया गया। योग क्रिया के समापन उपरांत उपप्राचार्य हरीश देवांगन द्वारा योग निरंतर करने संकल्प दिलाया गया। इस अवसर में प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, संस्थापक सदस्य ईश्वरी प्रसाद देवांगन, राजीव अग्रवाल, यज्ञदत्त शर्मा, संदीप सोनी, भरत पंसारी, सुरेंद्र छाबड़ा, शर्मा, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी की दीदी उमा दीदी का उद्बोधन हुआ व प्रजापिता परिवार के लोग भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



## तन, मन और आत्म शक्ति की होती है वृद्धि

**बलौदाबाजार।** जिले के शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व योग दिवस पर योगाभ्यास एवं भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं नेहरू युवा केंद्र रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया सभी को हर दिन नियमित योग करना चाहिए, इससे शरीर ऊर्जावान एवं निरोगी रहता है। डॉ. सीके चंद्रवंशी ने विभिन्न आसनों, जिसमें भ्रामरी, ताड़ासन, वृक्षासन, उज्जैनी, कर्णरोगांत्क, अनुलोम–विलोम, प्राणायाम आदि के लाभ प्रक्रिया एवं नियमों के बारे में अभ्यास की जानकारी दी। डॉ. यूके मिश्रा एवं एसएल नेगी ने सभी को योग का महत्व के बारे में बताया। योग से तन मन स्वस्थ एवं निरोग रहता है, कमजोरी एवं थकान से छुटकारा मिलता है। शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है। योग नियमित करने से मांसपेशियां मजबूत होती है एवं फैट में कमी आती है। मोटापा की समस्या से दूर होती है। आजकल बीमारी से होने वाले खर्चों में योग करने से कमी आती है। रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। योग से पाचन क्रिया सही तरीके से कार्य करता है, जिसके कारण कब्ज एसिडिटी आदि रोगों से छुटकारा प्राप्त होता है।

■ डी.के. महाविद्यालय में विश्व योग दिवश मनाया गया



महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इसमें हिस्सा लेकर हर दिन अपने जीवन में योग को शामिल करने का प्रण लिया गया। कार्यक्रम का अंत शांति पाठ से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स द्वारा किया गया। एनसीसी अधिकारीएफ मिंज, एनएसएस अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा एवं अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### न्यायालय परिसर में हुआ योगाभ्यास

बलौदाबाजार। शहर में प्लान ऑफ एक्शन के तहत 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला न्यायालय परिसर प्रांगण में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश ने उपस्थितजनों से कहा कि योग से हम शरीर, मन को संतुलित रख सकते हैं। आईए योग के महत्व को समझते हुए इसे जीवन का अभिन्न अंग बनाने का सकल्प लेकर स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं, इसे अपनी आदत बनाएं निरंतर योग करें।



# पेंशनर समाज के पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏩ खरोरा

छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा खरोरा की मासिक बैठक विगत दिनों को केसला देवांगन भवन नवागांव रोड में संपन्न हुई। बैठक में प्रांतीय निकाय रायपुर से मुख्य अतिथि के रूप में उदय राम साहू प्रांतीय कोषाध्यक्ष, सभा अध्यक्ष चन्द्रशेखर नायडू प्रांतीय संगठन सचिव तथा विशिष्ठ अतिथि पीएम सिंगोटे कार्यालीन सचिव, आशीष दास गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं पदाधिकारियों द्वारा बैठक प्रारंभ के पूर्व सरस्वती का विधिवत पूजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का हार एवं गुलाल से तहसील अध्यक्ष गोपालदास पड़वार एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। तहसील शाखा के मनोनीत पदाधिकारी उपाध्यक्ष श्यामलाल देवांगन, सहसचिव रोहित कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश सिंह वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य दुकलहा राम वर्मा को मुख्य अतिथि द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से कसडोल जिला बलौदाबाजार के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन दास पड़वार, अभय राम धीवर वरिष्ठ पेंशनर ग्राम कनकी तथा मानिकपुरी समाज लवनराज के अध्यक्ष रघुवेन्द्र दास मानिकपुरी का स्वागत किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि द्वारा सदस्यता अभियान में उत्कृष्ठ कार्य करने पर नंदकुमार भास्कर वरिष्ठ उपाध्यक्ष का हार, श्रीफल एवं साल से सम्मानित किया गया। माह जून में जन्म लेने वाले पेंशनर सदस्य नंदकुमार भास्कर, कांशीराम निषाद, पुनुराम साहू, दुकलहा राम वर्मा, का श्रीफल एवं गुलाल से स्वागत किया गया पेंशनर समाज की ओर से पूर्व प्रस्तावित स्थानीय विधायक धरसींवा का स्वागत समारोह कार्यकम रखे जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मत से पारित कर कार्यक्रम समय निर्धारण हेतु पेंशनर्स समाज के संरक्षक सीता राम यादव को अधिकृत किया गया है। अंत में सभा को मुख्य अतिथि द्वारा संबोधित किया गया, जिसमें खरोरा तहसील को विशिष्ट कार्य किये जाने पर बधाई दी गई।

